भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5730

06 अप्रैल, 2022 के लिए प्रश्न

खाद्यान्नों का बफर स्टॉक

5730. श्री आर.के. सिंह पटेल:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय खाद्य निगम द्वारा वर्ष 2014 से 2022 तक रखे गए बफर स्टॉक खाद्यान्नों की मात्रा का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2014 से 2022 तक इथेनॉल उत्पादन के लिए बफर स्टॉक से विपथित किए गए खाद्यान्न की वर्ष-वार मात्रा कितनी है; और

(ग) विपथित किए गए खाद्यान्न का उत्तर प्रदेश में जिले-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क): दिनांक 1 अप्रैल (2014, 2015, 2016, 2017, 2018, 2019, 2020, 2021 और 2022) की स्थिति के अनुसार केन्द्रीय पूल में पड़े खाद्यान्नों का कुल स्टॉक निम्नानुसार है:-

(आंकड़े लाख टन में)

दिनांक	गेहूं	चावल	कुल
01.04.2014	178.34	202.78	381.12
01.04.2015	172.21	170.94	343.15
01.04.2016	145.38	221.61	366.99
01.04.2017	80.59	230.81	311.40
01.04.2018	132.31	248.73	381.04
01.04.2019	169.92	293.94	463.86
01.04.2020	247.00	322.39	569.39
01.04.2021	273.04	291.18	564.22
01.03.2022	234.00	295.75	529.75

............2/-

दिनांक 22.01.2015 से केन्द्रीय पूल (बफर मानदंड) के लिए खाद्यान्न भंडारण मानदंड निम्नानुसार हैं:-

(आंकड़े लाख टन में)

की स्थिति अनुसार	खाद्यान्न भंडारण मानदंड (बफर मानदंड)		
	गेहूं	चावल	कुल
1 अप्रैल	74.60	135.80	210.40
1 जुलाई	275.80	135.40	411.20
1 अक्तूबर	205.20	102.50	307.70
1 जनवरी	138.00	76.10	214.10

(ख): केन्द्रीय पूल में खाद्यान्न के बफर स्टॉक से खाद्यान्नों का कोई विपथन (डायवर्जन) नहीं हुआ है। पेट्रोल में ब्लैंडिंग के लिए फ्यूल ग्रेड इथेनॉल के बढ़ते उत्पादन को देखते हुए, सरकार एफसीआई के पास उपलब्ध अधिशेष चावल से इथेनॉल के उत्पादन के लिए डिस्टिलरियों को समर्थ बनाती है। दिसंबर 2020 से नवंबर 2021 अर्थात इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2020-21 की अवधि के लिए इथेनॉल के उत्पादन के लिए एफसीआई गोदामों पर 20 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 81044 टन एफसीआई चावल को डिस्टिलरियों को आवंटित किया गया था, जिसमें से इथेनॉल के उत्पादन के लिए डिस्टिलरियों द्वारा 49233 टन चावल का उठान किया गया था। वर्तमान ईएसवाई 2021-22 में, इथेनॉल के उत्पादन के लिए एफसीआई गोदामों पर 20 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 842849 टन एफसीआई चावल डिस्टिलरियों को आवंटित किया गया है, जिसमें से दिनांक 27.03.2022 तक डिस्टिलरियों द्वारा 71607 टन चावल का उठान कर लिया गया है।

(ग): उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संबंध में खाद्यान्नों से इथेनॉल के उत्पादन के लिए अब तक चावल का कोई आवंटन नहीं किया गया है।

*****